हिन्दी विभाग

विशेष व्याख्यान

19.01.2019

सदनलाल सांवलदास खन्ना महिला महाविद्यालय के **हिन्दी विभाग** द्वारा **कुर्रतुल ऐन हैदर** की कहानी'' **आवारागर्द''** पर विशेष व्याख्यान का आयोजन शनिवार, दिनांक 19.01. 2019 को किया गया। यह विशेष व्याख्यान **प्रो. अली अहमद फ़ातमी**, पूर्व अध्यक्ष उर्दू विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद द्वारा दिया गया।

कुर्रतुल ऐन हैदर की कहानियों और उपन्यासों की चर्चा करते हुए प्रो. फ़ातमी ने कहा कि उर्दू में परी कथाओं के बाद प्रेमचंद ने reality का एक नया chapter खोला। कुर्रतुल ऐन हैदर प्रेमचंद के बाद उर्दू कहानी में अपना एक नया रास्ता बनातीं हैं। प्रो. फातमी ने कहानी आवारागर्द का न केवल पाठ किया बल्कि पाठ के दौरान कहानी के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को इतिहास, समाज और संस्कृति के संदर्भ में विश्लेषित भी किया।

कार्यक्रम का संयोजन और संचालन हिंदी विभाग की संयोजक डॉ. रचना आनंद गौड़ ने किया तथा स्वागत डॉ आशा उपाध्याय ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कल्पना मिश्रा द्वारा किया गया। हिंदी विभाग के डॉ. आदित्य त्रिपाठी ने प्रो. फातमी को बुके प्रदान किया।

इस अवसर पर डॉ. नीरजा सचदेव, डॉ. रीतू जायसवाल, डॉ. हरीश सिंह, डॉ. ताहिरा, डॉ आरिफा, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ विनीता मिश्रा, सदफ, प्रीति, नेहा और सौम्या, प्रियंका गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।''